प्रादेशिक समाचार
दिनांक–10.09.2024 (दोपहर–1455 बजे)

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से पद्म पुरस्कारों के लिए प्रेरक हस्तियों को नामांकित करने का आग्रह किया है। नामांकन की अंतिम तिथि 15 सितम्बर है। प्रधानमंत्री ने अनेक नामांकन प्राप्त होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में सरकार ने जमीनी स्तर के अनगिनत लोगों को पद्म पुरस्कांर से सम्मानित किया है। उन्होंने कहा कि पुरस्कार विजेताओं की जीवन यात्रा ने अनेक लोगों को प्रेरित किया है। पुरस्कार के लिए चयन प्रणाली को अधिक पारदर्शी और सहभागी बनाने के लिए सरकार ने लोगों से विभिन्न पद्म पुरस्कारों के लिए अन्य व्यक्तियों को नामांकित करने का आग्रह किया है। नामांकन, अवार्ड्स डॉट जीओवी डॉट आई एन पर किये जा सकते हैं।

****

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र–आई फोर सी के पहले स्थापना दिवस समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने साइबर अपराध की रोकथाम के लिए चार प्रमुख पहलों का भी उन्होंने शुभारंभ किया। मौके पर उन्होंने कहा कि सबके सहयोग से ही साइबर फ्रॉड की चुनौतियों से निपटा जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान साइबर अपराध की रोकथाम के लिए झारखंड द्वारा बनाये गये प्रतिबिंब ऐप की उपलब्धियों को लेकर डीजीपी अनुराग गुप्ता और ऐप बनाने वाले गुंजन कुमार को सम्मानित किया गया।

****

केन्द्रीय मंत्री और झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान आज फिर रांची पहुंचे। वे पार्टी मुख्यालय में भाजपा नेताओं के साथ बैठक कर रहे हैं। बैठक में पार्टी की परिवर्तन यात्रा पर चर्चा हो रही है। बैठक में चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद हैं।

****

देवघर एम्स में 16 सितंबर से आपातकालीन सेवा शुरू होगी। इसे लेकर प्रबंधन ने तैयारी शुरू कर दी है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 15 सितंबर को जमशेदपुर आमगन को लेकर तैयारियां तेज कर दी गयी है। इस बीच पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर पूरे कोल्हान क्षेत्र में गजब का उत्साह देखा जा रहा है। श्री सोरेन सरायकेला जिले के गम्हरिया में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कांग्रेस–झामुमो गठबंधन को धोखा देने के आरोप को भी बेबुनियाद बताया।

****

राज्य में उत्पाद सिपाही बहाली के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा आज से फिर शुरू हो गई है। हमारे रांची संवाददाता ने बताया कि दूसरे चरण में नये नियम और नये समय के साथ दौड़ की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

****

गुमला जिले में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जनकल्याणकारी योजनाओं से ग्रामीणों को अवगत कराया जा रहा है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

मौसम विभाग ने रांची समेत राज्य के अधिकतर हिस्सों में आज से तीन दिनों तक भारी बारिश होने की संभावना जतायी है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ने इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने बारिश के साथ ही वज्रपात की भी चेतावनी जारी की है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया की बंगाल की खाड़ी में गहरा निम्न दबाव का क्षेत्र आठ किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है। इसी का असर झारखंड पर दिखायी पड़ रहा है। रांची और आसपास के क्षेत्रों में कल रात से ही रुक–रुक कर बारिश हो रही है।

********समाप्त*********